Bareilly, Monday,
10 November 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 10

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 03 TOP

# नोक झोंक ने दिखाया जीवन का दूसरा पहलू

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (9 Nov):** एसआरएमएस रिद्धिमा के सभागार में रविवार शाम नाटक "हम-तुम" का मंचन हुआ. दो अधेड़ उम्र के व्यक्तियों की कहानी पर आधारित इस नाटक की पृष्ठभूमि एक सेनिटोरियम है, जहां 55 वर्षीय डा. सरदार सिंह भुल्लर (गोविंद सिंह यादव) अपने एकाकी जीवन और सेनिटोरियम के काम काज में व्यस्त रहते हैं. दूसरी तरफ 49 वर्षीय सरिता (मयूरी द्विवेदी) हैं, जो जीवन में भरपूर उत्साही और स्वतंत्र विचारों वाली, कुछ ज्यादा बातूनी या कहिए थोड़ी सनकी महिला हैं, वह भी सेनेटेरियम (अस्पताल) में भर्ती होती है. जहां उनकी मुलाकात डाक्टर से होती हैं, जिनकी शांत और अनुशासित जिंदगी हलचल पैदा करती है. नाटक नोक झोक से भरपूर है. इमेंस आर्ट एंड कल्चरल सोसायटी लखनऊ की से प्रस्तुत यह नाटक रूसी नाट्यकार एलेक्सी अर्बुजोव द्वारा लिखे चर्चित नाटक "द ओल्ड वर्ल्ड' पर आधारित रहा. इसे राहील भारद्वाज ने हिंदी में अनुवाद किया. निर्देशन सुदीप चक्रवर्ती ने किया.